an>

Title: Need to set up adequate cold storages in Dindori Parliamentary Constituency, Maharashtra.

**श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी)** ः नियम 377 के माध्यम से मैं सरकार की जानकारी में लाना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी (महाराष्ट्र) में काफी अधिक मात्रा में अंगूर एवं अनार का एवं अन्य सब्जियों का उत्पादन होता है। किन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र में कोल्ड स्टौरेज आवश्यकता के अनुपात में बहुत ही कम है और उनके स्टौरेज करने की क्षमता भी कम है। जिसके कारण किसानों के करोड़ों रूपए के अंगूर, अनार एवं सब्जियाँ खराब हो जाते हैं जिससे किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ता है एवं इसके फलस्वरूप किसान कर्जदार बन जाता है और आत्महत्या करने के लिए मजबूर होता है। इसके लिए वर्तमान कार्यरत कोल्ड स्टौरेज की क्षमता को बढ़ाना चाहिए, उन्हें आधुनिक तकनीक से सुसज्जित करना चाहिए।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में अंगूर, अनार एवं अन्य सब्जियों को खराब होने से बचाने के लिए पर्याप्त कोल्ड स्टौरेज एवं कार्यरत कोल्ड स्टौरेज का विस्तार करने हेतु एवं उन्हें आधुनिक बनाने के लिए केन्द्रीय स्तर से इन कोल्ड स्टौरेजों को आर्थिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जाए।